अमित शाह कार्यकर्ताओं का करेंगे मार्गदर्शन

बताएंगे पार्टी को विजय दिलाने के गुर-सोनी

जगदलपुर,12 अक्टूबर (सन्यूस)। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह ने देश के कोने.कोने का दौरा कर भारतीय जनता पार्टी को विश्व में सबसे बड़े राजनीतिक दल के रूप में स्थापित किया वर्तमान में प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी के 11: 30 करोड़ सदस्य हैं । वे 12 अक्टूबर को दोपहर 12:30 बजे जगदलपुर पहुंच रहे हैं वे लालबाग में आयोजित बूथ समिति एवं बूथ पालक सम्मेलन में शामिल होकर आगामी चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को विजय दिलाने के लिए कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन देंगे । उक्त बातें बस्तर जिला प्रभारी एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष सुनील सोनी ने 11 अक्टूबर को भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान दी ।

उन्होंने बताया कि पूरे बस्तर संभाग में 2814 बूथ समितियां बनी हैं वहीं बस्तर जिले में 741 बूथ हैं सभी बूथ में बूथ समितियां गठित हो चुके हैं जिसमें बूथ पालक बूथ प्रभारी के साथ अध्यक्ष सचिव एवं सदस्य गण हैं इन सभी को राष्ट्रीय अध्यक्ष मार्गदर्शन देंगे भारतीय जनता पार्टी का केडर चुनाव लड़ता है । कार्यकर्ता बस्तर संभाग के 12 में से 12 सीटें जीतकर प्रदेश में 65 प्लस के लक्ष्य को पूरा करने का संकल्प लेंगे। उन्होंने आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के संबंध में पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब देते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी प्रदेश में निष्पक्ष चुनाव की पक्षधर है। चुनाव आयोग के आचार संहिता का उल्लंघन होने पर किसी भी पार्टी के विरुद्ध चुनाव आयोग कार्यवाही कर सकती है। प्रत्याशी घोषित किए जाने की तिथि के सवाल पर उन्होंने कहा कि शीघ्र ही बैठक आहूत कर प्रत्याशियों के नामों की घोषणा भी कर दी जाएगी।

नक्सलियों द्वारा चुनाव बहिष्कार के सवाल पर कहा कि 5 वर्ष में एक बार प्रजातंत्र का यह महापर्व होता है इसमें उन्हें भी शामिल होकर शांति व भाई चारे के साथ निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने में सहयोग करना चाहिए। उन्होंने बताया कि उक्त कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष धरमलाल कौशिक के साथ सौदान सिंह एवं अन्य नेता भी उपस्थित रहेंगे। पत्रकार वार्ता में शामिल मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह कार्यकर्ताओं में शक्ति का संचार करने पहुंच रहे हैं। इसके पहले कार्यकर्ता परिश्रम की पराकाष्ठा को पार करते हुए बस्तर के 12 में से 12 सीट जीतने में जुट जुट जाएंगे ।

अमित शाह के लिए सजा पंडाल

◆ **आज नगर आगमन**

जगदलपुर,12 अक्टूबर (सन्यूस)। अमित शाह आज पहुंच रहे जगदलपुर। बूथ कार्यकर्ताओं को देंगे चुनावी टिप्स। लालबाग में आयोजित कार्यक्रम हेतु आकर्षक मंच व पंडाल बनकर तैयार। सारी तैयारियां भी भारतीय जनता पार्टी द्वारा पूरी की ली गई है। राष्ट्रीय अध्यक्ष के आगमन को लेकर भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं में भारी जोश है। शाम को बस्तर जिला संगठन प्रभारी व प्रदेश उपाध्यक्ष सुनील सोनी, मंत्री केदार कश्यप, सांसद दिनेश कश्यप, प्रदेश मंत्री किरण देव एवं अन्य भाजपाई आयोजन स्थल पहुंचकर व्यवस्था का निरीक्षण किया।

रथ निर्माण में लगे कारीगरों के उपचार हेतु हो डॉक्टर की व्यवस्था

◆ **बस्तर दशहरा के रीति रिवाज से हो रही छेड़खानी- प्रकाश ठाकुर**

जगदलपुर,12 अक्टूबर (सन्यूस)। बस्तर दशहरा आयोजन के लिए गठित समिति में उपाध्यक्ष के पद पर पहली बार किसी महिला को चुनकर बस्तर के एतिहासिक परम्परा को तोड़ा गया है। जिसका दुष्परिणाम भी सामने आ रहा है। रथ निर्माण में पहुंचे 90 कारीगर बीमार पड़े हैं। जिन्हें तेज बुखार है उन्हें पर्याप्त स्वास्थ्य सुविधा भी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। पहली बार है कि रथ निर्माण में लगे कारीगर इतनी बड़ी संख्या में बीमार पड़े है। सर्व आदिवासी समाज यह मानता है कि बस्तर की रीति रिवाज से छेड़छाड़ किये जाने का यह दुष्परिणाम है। उक्त बातें बस्तर संभाग सर्व आदिवासी समाज के अध्यक्ष प्रकाश ठाकुर ने शुक्रवार को आदिवासी विकास परिसर में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान कही।

उन्होंने बताया कि सिरहासार में स्वास्थ्य सुविधा के नाम पर एक स्वास्थ सहायक को केवल पेरासिटामॉल, एक ऐंटिबायोटिक और ओआरएस घोल देकर बिठाया गया है जिसके चलते बीमार पड़े लोगों को सही उपचार नहीं हो पा रहा है। बस्तर जिला के मुख्य स्वास्थ्य चिकित्सा अधिकारी से दशहरा तक उक्त स्थल पर एक डाक्टर को उपलब्ध कराये जाने की मांग की गई है ताकि मरीजों की सही ढंग से जांच व उपचार हो सके। साथ ही सिरहासार भवन में मच्छर के अत्यधिक प्रभाव के चलते उन्हें मलेरिया से बचाने के लिए मच्छरदानी भी उपलब्ध कराई जाये। पत्रकारों द्वारा मांझी और मुखिया के द्वारा ही दशहरा समिति के उपाध्यक्ष पद पर जिला पंचायत अध्यक्ष जबीता मंडावी को चुने जाने के सवाल पर श्री ठाकुर ने कहा कि यह पहली बार है जब दशहरा आयोजन समिति की बैठक में सर्व आदिवासी समाज को निमंत्रण नहीं मिला। अन्यथा रीति रिवाज से छेड़छाड़ होने नहीं दिया जाता। पत्रकार वार्ता के दौरान जिलाध्यक्ष गंगाराम नाग, बलदेव मौर्य, युवा प्रभाग के गोवर्धन कश्यप एवं अन्य उपस्थित थे।

भानपुरी के देवी मंदिरों में जले मनोकामना के ज्योत

◆ **पदयात्रियों के सेवा में लगाये पंडाल**

भानपुरी, 12 अक्टूबर (सन्यूस)। शारदीय नवरात्र पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भानपुरी क्षेत्र के प्रतिष्ठित ग्राम देवी मंदिरों में आस्था के ज्योत जलाए गए है प्रमुख रूप से केशरपाल माता मंदिर, मुरकुची, बेसोली, करन्दोला, भानपुरी, सोनारपाल, आमाबाल, मुण्डागांव में भी दुर्गा पूजा व ज्योति कलश स्थापित किया गया है चारों ओर भक्तिमय माहौल से हर्षोल्लास है माता सेवा भी भक्तजनों द्वारा गाया जाता है नवरात्र के अंतिम दिन फरसागुड़ा भानपुरी दशहरा में रावण दहन भी किया जाएगा जिसके लिये तैयारियां जोर शोर से किया जा रहा है।वहीं फरसागुड़ा में शनिवार को माता का जगराता का आयोजन भी किया गया है।

दंतेश्वरी पदयात्रियों के लिये लगाए गए सेवा केंद्र

बस्तर की आराध्य देवी माँ दन्तेश्वरी के दर्शन के लिये नवरात्रि में हजारों श्रद्धालु पैदल यात्रा करते हुए जाते हैं पदयात्रियों के सेवा में स्वल्पाहार पेयजल की व्यवस्था भी ग्राम बेसोली में स्थानीय लोगों के द्वारा किया गया है सेवा कार्य में राजेश सागर, पूरन मौर्य, कमलसिंह, शिवशंकर, पितेश्वर बघेल, महादेव नाग, श्यामसुंदर, थबीर कश्यप, प्रेमनाथ, गन्नीराम, बसन्त समेत ग्रामवासियों का सहयोग है।

मुठभेड़ में नक्सली डिप्टी कमांडर ढेर

मलकानगिरी में महिला नक्सली को भी मार गिराया

जगदलपुर, 12 अक्टूबर (सन्यूस)। नक्सल आपरेशंस में पुलिस को 12 अक्टूबर को एक बड़ी कामयाबी मिली है। मुठभेड़ में पुलिस ने एक हार्डकोर नक्सली को मार गिराया है। यह नक्सली मिलिशिया का डिप्टी कमांडर बताया जा रहा है, जिसकी पहचान कवासी देवा के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक सर्चिंग पर निकले जवान लौटने के दौरान तुलसी डोंगरी के करीब नक्सलियों के साथ मुठभेड़ हुआ। इस मुठभेड़ में जवानों ने नक्सलियों की मिलिशिया के डिप्टी कमांडर कवासी देवा को ढेर कर दिया।

मिली जानकारी के अनुसार सुरक्षा बलों का एक दल सर्चिंग पर निकले थे। वापसी के दौरान नक्सलियों के साथ मुठभेड़ हुआ। सुरक्षा बल के जवानो ने एक नक्सली को मार गिराने में कामयाब रहेमारा गया नक्सली डिप्टी कमांडर का शव भी बरामद कर लिया गया है। कल शाम चांदमेटा में हुई इस मुठभेड़ में जवानों को कुछ गोला बारूद भी मिले हैं। मुठभेड़ के बाद सर्चिंग में जवानों को आईडी बनाने का समान और तोंगपाल का मैप भी मिला है। वहीं उड़ीसा छत्तीसगढ़ सीमा पर भी एक मुठभेड़ हुआ है, इस मुठभेड़ में एक महिला नक्सली के मारे जाने की खबर है, नक्सली का नाम मीना है, जो छत्तीसगढ़ और उड़ीसा सीमा पर काफी सक्रिय रही थी। मुठभेड़ की पुष्टि तो हो रही है, लेकिन मुठभेड़ में महिला नक्सली के मारे जाने को लेकर लेकर अभी तक कोई पुलिस अधिकारी पुष्टि नहीं कर रहा है।हरिहर पखाजूर में नक्सलियों ने एक ग्रामीण की हत्या कर दी है। नक्सलियों ने ग्रामीण पर मुखबिर होने का शक जताते हुए इस वारदात को अंजाम दिया है।

संचार क्रांति मोबाईल ऐप पर तत्काल लगे रोक-लखेश्वर

जगदलपुर,12 अक्टूबर (सन्यूस)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल ने संचार क्रांति योजना के अंतर्गत प्रदेश सरकार द्वारा वितरित किए गए मोबाइल के ऐप पर तत्काल रोक लगाने की मांग चुनाव आयोग से की है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा संचार क्रांति योजना के अंतर्गत जो मोबाइल फोन शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में वितरित किए गए उन्हें चालू करते कि उस पर डॉ रमन सिंह की फोटो परिलक्षित होती है जो कि आचार संहिता लगने के पश्चात, आदर्श आचार संहिता का स्पष्ट उल्लंघन है जो सीधे.सीधे मतदाताओं को प्रभावित करता है। इसी प्रकार चुनाव आयोग के निर्देश पर सार्वजनिक स्थलों से जनप्रतिनिधियों के नाम एवं पोस्टर जा रहे हैं किंतु प्रदेश सरकार द्वारा जो साइकिल वितरित की गई उसके सामने भी डॉक्टर रमन सिंह की फोटो आज भी लगी हुई है। बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल ने कहा है इसी प्रकार प्रदेश सरकार द्वारा भविष्य में वितरित किए जाने वाली समस्त सामग्री जैसे मोबाईल, सिलेंडर, सायकल इत्यादि चुनाव आयोग को अपने आधिपत्य में लेना चाहिए जिससे चुनाव के समय सत्तारूढ़ दल इसका दुरुपयोग न कर सके।

फर्नीचर घोटाले में केदार के खिलाफ एफआईआर दर्ज हो-कांग्रेस

जगदलपुर,12 अक्टूबर (सन्यूस)। 50 करोड़ के फर्नीचर खरीदी के मामले में फंसे केदार कश्यप पर कार्यवाही की मांग करते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता आलोक दुबे ने कहा कि भाजपा में अगर नैतिकता बची है तो मंत्री केदार कश्यप के चुनाव लड़ने पर रोक लगाए और फर्नीचर सप्लाई घोटाले की एफआईआर दर्ज कराये।

उन्होंने कहा कि केदार कश्यप शिक्षा विभाग के मंत्री रहते हुए राज्य की शिक्षा व्यवस्था को बेहतर, गुणवत्तापूर्ण बनाने के बजाय अपने सगे संबंधी और चहेते को फायदा पहुंचाने में लगे है। रिश्तेदार को परीक्षा दिलाकर पत्नी को डिग्री दिलाना। पीए को नकल कराकर परीक्षा पास करना, शिक्षा विभाग में फर्नीचर खरीदी में अपने चहेते को फायदा पहुँचना इनकी पहचान बन चुकी है। मंत्री केदार कश्यप पर पीए आरएन सिंह के करीबी फर्नीचर सप्लायर को फायदा पहुंचाने के लिए शासन स्तर पर निर्धारित नियम कायदों को ताक पर रखकर फर्नीचर खरीदी का ठेका दिलाने का आरोप है। कमीशनखोरी और भ्रष्टाचार के लिए किस प्रकार के शासकीय नियमों को ताक में रखा जाता है। यह मंत्री केदार कश्यप के फर्नीचर सप्लाई मामले से स्पष्ट हो गया है। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता आलोक दुबे ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह पहले ही स्वीकार कर चुके हैं कि भाजपा की सत्ता और संगठन का उद्देश्य जनसेवा नही बल्कि कमीशनखोरी और भ्रष्टाचार करना है। केदार कश्यप ने फर्नीचर सप्लाई प्रक्रिया को केंद्रीकृत कर लगभग 45.000 से अधिक बढ़ाई और मजदूरों को बेरोजगार और सीएसआईडीसी के अंतर्गत पंजीकृत 180 लघु एवं सूक्ष्म इकाई में भी ताला बन्दी कर दी।

करंट लगने से ग्रामीण की मौत

भानपुरी, 12 अक्टूबर (सन्यूस) । थाना भानपुरी क्षेत्र के ग्राम बनियागांव निवासी सोन सिंह मौर्य 45 वर्ष की बुधवार को करंट लगने से मौके पर मौत हो गई उक्त मामले में पुलिस ने कमल साय नेताम के विरुद्ध गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया है जिसकी वजह से हादसा हुआ है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बस्तर ब्लाक के ग्राम बनियागांव के निवासी कमल साय नेताम ने अपने खेत में सिंचाई करने अवैध रूप बिजली का उपयोग किया था उसने खेत में मोटर पंप चलाने के लिए नदी किनारे पर कटा फटा तार लगाया हुआ था बांस के सहारे कम ऊंचाई में यह तार खींचा गया था जिसे पूर्व में भी गांव वालों ने हटाने का कहा था पर कमल साय ने किसी की नहीं सुनी गांव में रहने वाला किसान सोन सिंह मौर्य बुधवार को अपने खेत से लौट रहा था तभी वह कमल साय के खेत में लगाए बिजली के तार में फस गया और करंट लगने से उसकी मौत हो गई पुलिस ने उसका शव गुरुवार को पीएम के बाद परिजन के हवाले किया है साथ ही सोन सिंह के विरुद्ध गए इरादतन हत्या का मामला दर्ज करते हुए गिरफ्तार कर लिया गया है।

एनएमडीसी कार्मिकों की वेतन वृद्धि टली, द्विपक्षीय बैठक रही बेनतीजा



जगदलपुर 12 अक्तूबर (सन्यूस)। एनएमडीसी की बैलाडीला लौह अयस्क खदानों के साथ ही अन्य यूनिट्स में कार्यरत हजारों कार्मिकों की वेतन वृद्धि फिर एक बार टल गई है। कंपनी प्रबंधन और यूनियन नेताओं के बीच हुई द्विपक्षीय बैठक के बेनतीजा रहने से यह हालात बने हैं। ऐसे में दीपावली के त्यौहार से पहले वेतन वृद्धि और एरियर की बाट जोह रहे कार्मिकों को निराश० होना पड़ा है। एनएमडीसी प्रबंधन और यूनियन नेताओं की एक द्विपक्षीय बैठक दिल्ली में आयोजित की गई थी। यहां कार्मिकों के वेतन वृद्धि मसौदे पर यूनियन नेताओं और प्रबंधन के दस्तखत होने थे। जिससे कार्मिकों की वेतन वृद्धि और एरियर आदि का रास्ता खुलता। बताया जाता है कि बैठक से पहले तक सब कुछ ठीक था। लेकिन ऐन वक्त पर एनएमडीसी वर्कस फेडरेशन के जनरल सेक्रेटरी एसक्यू जामा और वाइस प्रेसिडेंट आरडीसीपी राव ने कार्मिकों के वेतन समझौते पर दस्तखत से इनकार कर दिया। इसकी वजह यूनियन प्रेसीडेंट का न आना बताया गया। हालांकि खदानों की श्रमिक यूनियन के ही कुछ लोग जो श्रमिक हितों के लिए आवाज बुलंद करते रहे हैं, अपने नेताओं के इस निर्णय से खुश नही हैं। ज्यादातर कार्मिक अंदरखाने अपने नेताओं के इस निर्णय का विरोध कर रहे हैं। उनका कहना है कि वेतन समझौते पर फेडरेशन के पदाधिकारी पूर्व में सहमति जता चुके हैं। कंपनी प्रबंधन ने इस बैठक की तारीख भी फेडरेशन के नेताओं की सहमति से रखी थी। इसके बावजूद बैठक के बेनतीजा रहने से कार्मिक हितों को नुकसान पहुंचेगा। फेडरेशन के कुछ पदाधिकारी अपनी राजनीतिक रोटी सेंक रहे हैं। सभी कर्मचारियों को त्योहार से पहले वेतन वृद्धि की सौगात मिलने की आस थी, जो कुछेक नेताओं के अड़ियल रवैये से अनिश्चितकाल के लिए टल गई। इससे बैलाडीला खदानों में कार्यरत कार्मिकों में गहरी निराशा है।

बिजली के हाई वोल्टेज से भारी नुकसान

◆ **बिजली विभाग से ग्रामीणों ने की मुआवजे की मांग**

भानपुरी, 12 अक्टूबर (सन्यूस)। बिजली विभाग द्वारा अचानक बिजली की हाई वोल्टेज होने के कारण भानपुरी के रानीगुड़ा पारा में के दर्जनों घरों के बिजली के उपकरण जल कर खराब हो गए। उपभोक्ताओं का लाखों रुपए का नुकसान हुआ ग्रामीणों ने बिजली विभाग से मुआवजे की मांग की है।

भानपुरी के रानीगुड़ा पारा के निवासीयो ने बताया कि 11 अक्टूबर को दोपहर लगभग 2:00 बजे अचानक बिजली के हाई वोल्टेज होने के कारण 2 दर्जन से अधिक उपभोक्ता के घर के विद्युत उपकरण जल गये हैं। अचानक ही हाई वोल्टेज आने के कारण कई घरों के एलइडी, टीवी ,फ्रिज, पंखे, सीएफएल, बल्ब, ट्यूब लाइट, मोबाइल एवं बैटरी जल गए। जिससे भारी नुकसान हुआ है द्य उपभोक्ता द्वारिका प्रसाद, शिव प्रसाद ,नीलू ठाकुर, वीरेंद्र शर्मा, योगेश ध्रुव ,जगत ठाकुर, जलन ठाकुर, कैलाश ठाकुर, लखेश्वर ठाकुर ,लखमु ठाकुर, ललित ठाकुर, गजेंद्र ठाकुर, विजय ठाकुर, पुरुषोत्तम नेताम ,कनेर ठाकुर, उमेश्वर, रामायण ठाकुर , श्याम सुंदर, तरुण साहू ,अजय मौर्य आदि ग्रामीणों ने बताया के बिजली विभाग की लापरवाही से बिजली की अचानक हाई वोल्टेज होने के कारण घर के उपकरण खराब हो गए हैं जिससे ग्रामीणों का लाखों रुपए का नुकसान हुआ है संबंधित विभाग से मुआवजा देने की मांग की है।

मुद्रक व प्रकाशक तुषार कांति बोस द्वारा मालिक तुषार कांति बोस के लिए दण्डकारण्य समाचार, समाचार कामप्लेक्स, वृन्दावन बाग, जगदलपुर, बस्तर, छ.ग. से मुद्रित एवं समाचार कामप्लेक्स, वृन्दावन बाग, जगदलपुर, बस्तर, छ.ग. से प्रकाशित : संपादक - श्रीमती मणिकुंतला बोस
कार्यकारी संपादक - विश्वरूप बोस Post Box No.- 8, ☎ Office - 07782/227594 Fax- 07782/227593 E-mail: news@dandakaranyasamachar.com Raipur Office : Aashirwad Bhavan, Ram Mandir Road, Byron Bazar, Raipur - 492001 (C.G.)